# टीकमगढ़



नवभारत

भोपाल, शनिवार, 9 अगस्त 2025


एक नजर में

## कार्यवाही के लिए अधिकारी नियुक्त

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जनसुनवाई और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों में सामने आया है कि कुछ उचित मूल्य दुकान संचालक हितग्राहियों से बायोमैट्रिक अंगूठा एक दिन पूर्व लगवाकर राशन नहीं देते और उन्हें अगले दिन वापस भेज देते हैं। यह कृत्य न केवल गंभीर अनियमितता है, बल्कि हितग्राहियों के अधिकारों का उल्लंघन भी है।**

हितग्राही को उसी दिन राशन देना अनिवार्य है जिस दिन वह दुकान पर उपस्थित हों, राशन कम मात्रा में देना या बायोमैट्रिक के बावजूद वितरण नहीं करना दंडनीय अपराध है। दोषी पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत सख्त कार्यवाही की जाएगी। शिकायत दर्ज करने हेतु जिला खाद्य विभाग कार्यालय, कंट्रोल रूम कक्ष क्रमांक 14, अनुविभागीय अधिकारी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों के मोबाइल नंबर, टीकमगढ़ में सार्थक तिवारी मोनं. 8602509431, बल्देवगढ़ में सपना सेन मो.नं. 8602751424, जतारा, पलेरा में ललित मेहरा मोनं. 9424773617 दिए गए है।

# आज जिले भर में मनेगा रक्षाबंधन पर्व

**बहनें भाइयों की कलाई पर बाधेंगी राखी**

**भाई बहनों को उपहार देकर करेंगे रिश्ते मजबूत**



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। देशभर में रक्षाबंधन के पर्व की धूम देखने को मिल रही है। बहिनों ने अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधने के लिए खरीददारी शुरू कर दी है। आगामी 9 अगस्त आज शनिवार को रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाएगा। जिसको लेकर शहर के बाजार गुलजार दिख रहे है। बाजार में अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिल रही है। रक्षाबंधन पर्व धार्मिक परंपरा का महत्वपूर्ण त्यौहार है, जिसे भाई-बहिन के रिश्ते को मजबूत करने के लिए बनाया जाता है। सावन माह के अंतिम दिन रक्षाबंधन का पर्व जिले भर में बड़ी ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। रक्षाबंधन पर्व को लेकर सारी तैयारियों लोगों ने पूरी कर रखी हैं।**

रक्षाबंधन पर्व के पूर्व शहर के बाजारों में लोगों ने जमकर खरीददारी की जा रही है। जिसमें राखियों की दुकानों पर अत्याधिक भीड़ देखने को मिली है। इसके अलावा मिठाई, रेडीमेट कपड़ा, खिलौनों की दुकानों पर महिलाएं खरीददारी करती दिखाई दे रही है। रक्षाबंधन पर्व के पहले ही शहर के बाजार गुलजार हुए शहर में अलग तरह की दुकानदारों द्वारा साज-सज्जा की गई। शहर के लुकमान चौराहे से लेकर कटरा बाजार तक राखियों की दुकानों और मिठाई की दुकानें सजाई गई थी। इस दौरान यहां से अधिक भीड़ होने के कारण पैदल चलना भी दूभर हुआ। बहिनों ने अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधने को लेकर खूब खरीददारी की। इस दौरान धागे की कई प्रकार की राखिएं बाजार में बिकती दिखाई दी, तो बच्चों के लिए इलैक्ट्रिक राखिएं भी बाजार में सजी रही। साथ ही सोने चांदी की दुकानों पर चांदी और सोने तक की राखी की खरीददारी हुई। बहिने अपने भाईयों को राखी बांधने के दौरान दिए जाने वाले उपहार भी खरीद रही है। साथ ही रुमाल, नारियल मिष्ठान की दुकानों पर भी महिलाओं की कतारे लगी रही। रक्षाबंधन पर्व को लेकर छोटे-छोटे बच्चों में भी उत्साह देखा जा रहा है। त्यौहार को लेकर तैयारियां की जा रही है। आज मनाए जाने वाले रक्षाबंधन पर्व को लेकर नन्हे-मुन्हे बच्चों में अच्छा खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।




### जेल में बंदियों से होगी खुली मुलाकात

रक्षाबंधन के अवसर पर जिला जेल टीकमगढ़ में परिरूद्ध बंदियों को प्रातः 8:30 बजे से 2 बजे तक विशेष खुली मुलाकात मुलाकात प्रदाय की जायेगी। विशेष मुलाकात हेतु केवल बहिनों तथा उनके साथ आने वाले 6 साल तक के बच्चों को ही प्रवेश दिया जायेगा, बहिनों को पुरूष बंदी एवं भाईयों को महिला बंदिनी से मुलाकात दी जायेगी। मुलाकात की अवधि 15 मिनिट रहेगी भीड़ बढ़ने की स्थिति में समय में परिवर्तन किया जा सकेगा। बहिनें अपने साथ स्वयं का आधारकार्ड या अन्य पहचान पत्र की छायाप्रति लाना अनिवार्य है।



## तहसीलदारों के समर्थन में पहुंचे विधायक

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शुक्रवार को तहसीलदारों के समर्थन में कांग्रेस विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला पहुंचे। उन्होंने तहसीलदारों की मांगों का समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखने का आश्वासन दिया।**

तहसीलदार सत्येंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह ठाकुर के नेतृत्व में सभी नायब तहसीलदार एसएलआर और आरआई काम से विरक्त हो गए हैं। ये सभी अधिकारी जिला मुख्यालय पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष चंद्रभान समारी ने कहा कि विभाजन योजना से राजस्व कामकाज में अव्यवस्था बढ़ेगी। तहसीलदारों का आरोप है कि शासन ने पहले दिए गए आश्वासनों को तोड़ते हुए इस योजना को 9 और जिलों में लागू कर दिया है। इससे राजस्व न्यायालयों का विलय हो रहा है और संसाधनों की कमी के कारण कामकाज प्रभावित हो रहा है। 6 अगस्त से धरने पर बैठे तहसीलदारों और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने आपदा प्रबंधन को छोड़कर अन्य सभी कार्य बंद कर दिए हैं। शासन से आश्वासन मिलने के बाद 20 जुलाई को विरोध स्थगित कर दिया गया था। लेकिन योजना के विस्तार और शर्तों के उल्लंघन के बाद 3 अगस्त को हुई कार्यकारिणी की बैठक में फिर से विरोध शुरू हुआ।

## सीएम ने लाड़ली बहनों के खातों में भेजी राशि




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ से प्रदेश की एक करोड़ 26 लाख 89 हजार 823 लाड़ली बहनों के खातों में एक हजार 859 करोड़ 1 लाख 32 हजार 350 रूपये की राशि का अंतरण किया। इस बार लाड़ली बहनों को नियमित किश्त 1250 रूपये के अतिरिक्त रक्षाबंधन के शगुन के रूप में 250 रूपये भी दिये गये। इस प्रकार प्रत्येक लाड़ली बहना को रक्षाबंधन के पूर्व 1500 रूपये मिले।**

इस दौरान टीकमगढ़ जिले की 2.7 लाख से अधिक लाड़ली बहनों के खाते में रक्षाबंधन के उपहार स्वरूप 306127350 रूपये की राशि का अंतरण हुआ। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर स्थित एनआईसी कक्ष में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती ज्योति पाण्डेय, पर्यवेक्षक सहित लाड़ली बहनें उपस्थित रहीं। इस दौरान राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा व सुना गया। लाड़ली बहना का लाभ पाकर लाड़ली बहनें खुश हैं तथा खुश होकर कहती हैं कि प्रदेश के मुख्यमंत्री और हमारे भैया डॉ. मोहन यादव ने हम लाड़ली बहनों को योजना की 27वीं किश्त दी है, जिसका उपयोग हम रक्षाबंधन त्यौहार मनाने किया जाएगा।

## पांच महिलाओं के हुए नसबंदी ऑपरेशन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभाराम रोशन के कुशल मार्गदर्शन में मिशन परिवार विकास पखवाड़ा अंतर्गत विश्व जनसंख्या स्थिरता अभियान पखवाड़ा 11 जुलाई से 11 अगस्त तक संचालित किया जा रहा है। मिशन परिवार विकास पखवाड़ा अंतर्गत आज जिला चिकित्सालय टीकमगढ़ में आयोजित नसबंदी शिविर में पांच महिला नसबंदी ऑपरेशन डॉ.यशस्वी खरे सर्जन जिला चिकित्सालय द्वारा किए गये।**

डीएचओ द्वितीय डॉ.केएम वरूण ने आवश्यक जानकारी देते हुए बताया कि इस पखवाड़ा अंतर्गत विकासखण्ड पलेरा 4, जतारा 4, वल्देवगढ 5 एवं बड़ागांव 5 महिला नसबंदी ऑपरेशन किए गए हैं। ऐसा पहली बार है कि इस समय नसबंदी कराने हितग्राही आगे आकर ऑपरेशन करा रहे हैं। विकासखंड स्तर के सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारी, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक विकासखंड कम्युनिटी मोबीलाईजर एपीएम आदि को निर्देशित किया गया कि इस पखवाड़े के दौरान अधिक से अधिक गतिविधियां एवं कार्यावाही नियमानुसार सुनिश्चित की जाये। प्रत्येक ग्राम आरोग्य केंद्र मे परिवार विकास सम्मेलन आयोजित कर सभी लक्ष्य दंपत्ति को आमंत्रित कर परिवार कल्याण साधन सेवाओं कि जानकारी देना। प्रत्येक आरोग्य केंद्र मे परिवार कल्याण साधन डिस्प्ले बोर्ड लगाना है।

## कलेक्टर ने देश के जवानों के नाम भेंट की राखी



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टीकमगढ़ की छात्राओं छवि नायक, मोना रैकवार, शिवी सेन, खुशबू सिंह ठाकुर, प्राचार्या डॉ. स्वर्णा जैन, एवं शिक्षिका डॉ. बबीता श्रीवास्तव से सौजन्य मुलाकात कर देश के जवानों के नाम राखी भेंट की है।**

रक्षाबंधन के पावन अवसर पर इस बार जिले की बहनों ने एक अनोखी पहल करते हुए अपने रक्षकों यानी देश के वीर जवानों के लिए राखी बनाई। यह पहल न केवल एक भावनात्मक संदेश है बल्कि देशभक्ति और भाईचारे की भावना को भी मजबूत करती है। उन्होंने बताया कि राखी के इस पर्व पर देश की बहनें अपने सैनिक भाइयों के हाथों में राखी बांधने नहीं जा सकती है इसीलिए वह कलेक्टर के माध्यम से अपनी बनाई हुई राखी सरहद पर पहरा दे रहे सैनिक भाइयों को भेज रही हैं। यह पहल केवल एक परंपरा को निभाना नहींए बल्कि यह दिखाता है कि देश की सुरक्षा करने वाले जवानों को देशवासी कभी नहीं भूलते। एक राखी जो केवल एक धागा नहीं बल्कि विश्वास, स्नेह और आभार का प्रतीक है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं एवं शिक्षिका से सौजन्य मुलाकात कर देश के जवानों के नाम राखी भेंट की है।

## किसानों से फसलों का बीमा कराने की अपील

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। संचालनालय किसान कल्याण तथा कृषि विकास मप्र भोपाल से प्राप्त जानकारी अनुसार वर्ष 2025 खरीफ फसलो का बीमा कराने हेतु अऋणी कृषकों के लिये बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 14 अगस्त एवं ऋणी कृषकों के लिये बीमा कराने की अंतिम तिथि 30 अगस्त तक कर दी गई है।**

कृषक जो बैंक से केसीसी धारक है उनकी फसलों का बीमा करना बैंक सुनिश्चित करता है। यदि किसी कारण बस बैंक द्वारा किसी किसान का बीमा नहीं हो पाया है तो कृषक अपनी बैंक शाखा से सम्पर्क कर फसल का बीमा करा सकता है। अऋणी कृषकों के लिये बीमा कराने की अंतिम तिथि 14 अगस्त है। अतः अऋणी कृषक अपनी फसलों का बीमा अपने नजदीकी बैंक शाखा, फसल बीमा पोर्टल पर देखे।

## रक्षाबंधन केवल पर्व नहीं बल्कि दार्शनिक दृष्टिकोण है



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। आज के समय में रक्षाबंधन केवल भाई-बहन का पर्व नहीं रहा यह प्रकृति की रक्षा सामाजिक सौहार्द और समानता का प्रतीक भी बन चुका है। वृक्ष-रक्षा बंधन। बच्चें और महिलाएं वृक्षों को राखी बाँधकर यह संदेश दे रही हैं कि हम केवल मानव की नहीं प्रकृति की भी रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। रक्षाबंधन के बदलते मायने हमें यह समझाते हैं कि त्योहार केवल रस्में नहीं होते वे विचार होते हैं भावना होते हैं।**

आज का रक्षाबंधन हमें यह सीख देता है कि रक्षा एकतरफा नहीं परस्पर होती है। कि रिश्ते खून से नहीं भावना से बनते हैं। कि प्रकृति समाज और देश भी हमारी रक्षा के हकदार हैं। और यह कि महिला केवल संरक्षित नहीं संरक्षक भी हो सकती है। रक्षाबंधन अब केवल एक पर्व नहीं एक दार्शनिक दृष्टिकोण है जो कहता है कि प्रेम समर्पण और समानता से ही समाज और रिश्ते टिक सकते हैं। रक्षाबंधन की जड़ें भारतीय इतिहास पौराणिक कथाओं और सामाजिक परंपराओं में गहराई से जुड़ी हैं। द्रौपदी और श्रीकृष्ण की कथा हो या रानी कर्णावती द्वारा हुमायूं को भेजी गई राखी यह पर्व सदा से रक्षक और संरक्षित के बीच एक नैतिक संकल्प का प्रतीक रहा है। पहले के समय में राखी केवल भाई-बहन के खून के रिश्ते तक सीमित थी। बहन भाई की कलाई पर राखी बाँधती थी और भाई जीवनभर उसकी रक्षा करने का वचन देता था। यह रिश्ता स्नेह विश्वास और समर्पण से भरा होता था। भारत विविधताओं से भरा देश है जहां हर त्यौहार न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक होता है बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक रिश्तों को भी मजबूत करता है। इन्हीं में से एक विशेष पर्व है।

# 31 तक पीएमएवाई आवास पूर्ण करने के निर्देश

**पीएम आवास की समीक्षा बैठक में किया निर्देशित**

**कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ ली मीटिंग**



**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर एसडीएम टीकमगढ़ लोकेन्द्र सिंह सरल, एसडीएम बल्देवगढ़ श्रीमती भारती देवी मिश्रा, एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे, पीओडूडा सुश्री शिवि उपाध्याय सहित सभी सीएमओ तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।**

बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने पीएमएवाई 2.0 के आवेदनों की जानकारी ली तथा समस्त नगरीय निकायों के अधिकारियों को आवेदनों के वेरिफि केशन समय पर करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पात्र एवं अपात्र हितग्राहियों को नियमानुसार चिन्हित कर बिना किसी दबाव में आये निष्पक्षता से समय पर योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी सीएमओ को अपनी टीम के साथ वार्ड में जाकर वार्डवासियों, जनप्रतिनिधियों, हितग्राहियों से डोर टू डोर संपर्क करने हेतु निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने समस्त एसडीएम. एवं सीएमओ को निर्देश दिए कि ऐसे हितग्राही जो धारणाधिकार हेतु पात्रता रखते हैं, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना पीएमएवाई हेतु जमीन चिन्हांकित कर धारणाधिकार के नियम के तहत जमीन उपलब्ध कराई जाये। श्री श्रोत्रिय ने प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 को 31 अगस्त तक पूर्ण करने के निर्देश देते हुये कहा कि समस्त हितग्राही अपने मकानों को जल्द पूर्ण कर आई.एसएस इंट्रेस्ट सब्सिडी स्कीम योजना से सब्सिडी का लाभ लें। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 के तहत जो मकान पूर्ण हो चुके हैं केवल फिनिशिंग, रंग रोगन आदि कार्य शेष हैं वो जल्द ही सभी कार्य पूर्ण कर लें। साथ ही उन्होंने बताया कि 17 अगस्त एवं 27 अगस्त को प्रधान मंत्री आवास योजना 1.0 के आवासों में ग्रह प्रवेश का कार्य कराया जायेगा तत्पश्चात कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने समस्त सीएमओ से निराश्रित गौवंश को गौशालाओं में भेजने की तैयारी के संबंध में जानकारी लेते हुये निर्देश दिये कि अपने-अपने नगरीय क्षेत्र में ऐसी जगहों को चिन्हित करें। जहां निराश्रित गायों का झुंड रहता है एवं पशुपालन विभाग से संपर्क कर अपने आस-पास की सभी गौशालों की जानकारी रखें, प्रत्येक गौशाला में सीमा अनुसार

परेशानी ▶ पेयजल सप्लाई बंद होने से नागरिक परेशान

# शहर के कई वार्डों में बिगड़ी जल आपूर्पि व्यवस्था

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर के 27 वार्डों में एक बार फिर जल आपूर्ति व्यवस्था बिगड़ गई है। लगभग चार दिनों से लोगों के घरों में नल से पानी नहीं आ रहा है। रक्षाबंधन पर्व से पहले पानी की सप्लाई बंद होने से नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।**



पिछले दो महीने में यह तीसरी बार है जब शहर में जल आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हुई है। बार-बार नलों की सप्लाई रुकने से लोगों को बारिश के मौसम में भी जल संकट झेलना पड़ रहा है। पुलिस लाइन के पीछे रहने वाले भरत पाल ने बताया कि करीब 7 दिन से उनके नल में पानी नहीं आया है। उन्हें आधा किलोमीटर दूर हैंडपंप से पानी भरना पड़ रहा है। शहर के लोगों का कहना है कि नदी में पर्याप्त पानी होने के बावजूद नगर पालिका की जल आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह विफ ल है। उन्होंने बताया कि महीने में केवल 10 से 15 दिन ही नलों में पानी आता है। अभी पिछले 5 दिनों से नलों में पानी नहीं आया है। रक्षाबंधन के कारण रिश्तेदारों का आना-जाना लगा हुआ है। ऐसे में जल आपूर्ति बंद होने से लोगों को अतिरिक्त परेशानी हो रही है। इस मामले में नगर पालिका के जल शाखा प्रभारी पार्षद अनीश अहमद ने स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने बताया कि लगभग एक महीने पहले बिजली गिरने से बरीघाट फिल्टर प्लांट के दो ट्रांसफार्मर खराब हो गए थे। इन्हें मरम्मत के लिए बाहर भेजा गया था। इस दौरान पानी की आपूर्ति जारी रखने के लिए एक निजी ट्रांसफ ार्मर लगाया गया था। तीन दिन पहले नगर पालिका के दोनों ट्रांसफ ार्मर मरम्मत के बाद वापस आ गए हैं। इन्हें बदलने के कारण जल आपूर्ति प्रभावित हुई है। अहमद के अनुसार बुधवार को ट्रांसफार्मर लगाया गया था और उसे चार्ज होने में 24 घंटे का समय लगता है। कुछ इलाकों में पानी की आपूर्ति शुरू हो गई है और अगले दिन से सभी जगह नलों में पानी आने लगेगा। शहर के 27 वार्डों में एक बार फिर जल आपूर्ति व्यवस्था बिगड़ गई है। लगभग चार दिनों से लोगों के घरों में नल से पानी नहीं आ रहा है। रक्षाबंधन पर्व से पहले पानी की सप्लाई बंद होने से नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### निजी ट्रांसफार्मर से बनाई जा रही व्यवस्था

जल शाखा प्रभारी पार्षद अनीश अहमद ने स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने बताया कि लगभग एक महीने पहले बिजली गिरने से बरीघाट फिल्टर प्लांट के दो ट्रांसफार्मर खराब हो गए थे। इन्हें मरम्मत के लिए बाहर भेजा गया था। इस दौरान पानी की आपूर्ति जारी रखने के लिए एक निजी ट्रांसफार्मर लगाया गया था।

## छात्रवृत्ति योजना का मिल रहा लाभ

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। एमपीटीएएएस पोर्टल 20 अगस्त तक के लिये शैक्षणिक सत्र 2024-25 के नवीन आवेदन भरने हेतु पोर्टल पुनः खोला गया है। जिससे शासन द्वारा चलाई जा रही छात्रवृत्ति योजना का लाभ मिल सके।**

शिक्षण सत्र 2024-25 में अध्ययनरत विद्यार्थी जो एमपीटीएएएस पोर्टल आवेदन करने हेतु शेष रह गये हैं। वह निर्धारित तिथि 20 अगस्त 2025 के पूर्व ही अपना आवेदन एमपीटीएएएस पोर्टल पर समय-सीमा के अंदर कर लेंवे, जिससे शासन द्वारा चलाई जा रही छात्रवृत्ति योजना का लाभ मिल सके। एमपीटीएएएस पोर्टल 20 अगस्त तक के लिये शैक्षणिक सत्र 2024-25 के नवीन आवेदन भरने हेतु पोर्टल पुनः खोला गया है। जिससे शासन द्वारा चलाई जा रही छात्रवृत्ति योजना का लाभ मिल सके।



## तलवार से केक काटने का आया वीडियो

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर के किले का मैदान परिसर में तलवार से केक काटने का वीडियो सामने आया है। इसमें करीब एक दर्जन से ज्यादा लड़के तलवार से केक काटते दिख रहे हैं।**

शुक्रवार को इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद कोतवाली पुलिस ने तुरंत जांच शुरू कर दी। कोतवाली थाना प्रभारी उपेंद्र छारी ने बताया कि वीडियो के आधार पर युवकों की पहचान की गई और उन्हें थाने बुलाया गया। पूछताछ में सामने आया कि ये लड़के जन्मदिन मनाने के लिए तलवार लेकर किले का मैदान पहुंचे थे। लड़कों ने बताया कि यह तलवार शादी समारोह में इस्तेमाल होने वाली है जिसमें धार नहीं है। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के लिए बुलाए गए सभी लड़के नाबालिग हैं। उनके भविष्य को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने उनके परिजनों को थाने बुलाया। परिजनों की मौजूदगी में लड़कों को समझाया गया कि वे आगे से ऐसी हरकत न करें। लड़कों के भविष्य को देखते हुए पुलिस ने फिलहाल कोई केस दर्ज नहीं किया है और समझाइश देकर उन्हें छोड़ दिया है।